फॉरेस्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट एंड रेंजर्स कॉलेज, सुंदरनगर, मंडी (हिमाचल प्रदेश) के रेंज ऑफिसर प्रशिक्षणार्थियों का आफरी भ्रमण

दिनांक 27.2.19

दिनांक 27.2.19 को फॉरेस्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट एंड रेंजर्स कॉलेज, सुंदरनगर, मंडी (हिमाचल प्रदेश) के 31 रेंज ऑफिसर प्रशिक्षणार्थियों ने श्री चन्द्रशेखर, डिप्टी डायरेक्टर के नेतृत्व में शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का भ्रमण कर अनुसंधान कार्यों की जानकारी प्राप्त की। विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से. ने पावर पाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी भ्रमणकारी दल को करायी। प्रशिक्षणार्थियों ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर अनुसंधान गतिविधियों का अवलोकन किया। इन प्रयोगशालाओं में विभिन्न शोध-कर्ताओं ने इन्हें शोध कार्यों से संबंधित जानकारी दी। भ्रमणकारी दल ने संस्थान के विस्तार एवं निर्वचन केंद्र का भी भ्रमण किया जहां विस्तार प्रभाग के तकनीकी अधिकारी श्री महिपाल बिश्नोई ने वहाँ प्रदर्शित शोध संबंधी विभिन्न जानकारियाँ प्रशिक्षणार्थियों को दी। प्रशिक्षणार्थियों ने संस्थान की उच्च तकनीक/प्रायोगिक पौधशाला का भी भ्रमण किया जहां श्री सादुलराम देवड़ा, तकनीकी अधिकारी ने पौधशाला के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। यहाँ पर श्री उमाराम चौधरी ने संभाषण द्वारा वृक्षों से होने वाले प्रत्यक्ष और परोक्ष लाभों की चर्चा करते हुए वृक्ष एवं पर्यावरण संरक्षण की महत्ता बतायी। भ्रमण कार्यक्रम में श्रीमती मीता सिंह तोमर, तकनीशियन (विस्तार प्रभाग) का भी सहयोग रहा।

Institute's Jurisdiction

विस्तार एवं निर्वचन